राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–80/2026

राज्यपाल ने अपने कारकेड में वाहनों की संख्या कम करने का निदेश दिया

पटना 14 मई, 2026 :– पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट तथा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेट्रोल–डीजल से चलने वाले वाहनों का न्यूनतम उपयोग करने की अपील को ध्यान में रखते हुए माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने अपने कारकेड में शामिल वाहनों की संख्या कम करने का निदेश दिया है। अब राज्यपाल के कारकेड में केवल तीन वाहन ही शामिल रहेंगे।

इसके अतिरिक्त, राज्यपाल सचिवालय में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भी बहुत आवश्यक होने पर ही सरकारी वाहनों का उपयोग करने को कहा गया है।

....